पाक्षिक समाचार

# सम्पर्क

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

खण्ड–XXIX अंक–15 15 अगस्त, 2024

## स्वतंत्रता दिवस समारोह सम्पन्न

15 अगस्त, 2024 स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ खुशनुमा माहौल में अत्यन्त उत्साह एवं उल्लास से संस्थान समुदाय के साथ मनाई गई। संस्थान निदेशक, प्रो. रंगन बनर्जी ने नियत समय पर ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात डोगरा हॉल में उत्साहवर्धक माहौल में समारोह प्रारम्भ हुआ। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह अत्यन्त भव्य रहा। निदेशक महोदय के संक्षिप्त व सारगर्भित उद्‌बोधन में नया दिशा–निर्देश समाया रहा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में नर्सरी स्कूल व केंद्रीय विद्यालय, आई.आई.टी. दिल्ली के बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत–प्रोत प्रस्तुतियाँ दी गई। तत्पश्चात, बीआरसी की अद्‌भुत प्रस्तुतियों ने अमित छाप छोडी। संस्थान के फाइन आर्ट्स क्लब द्वारा प्रस्तुत सुंदर चित्रकारी, ड्रामा क्लब द्वारा ड्रामा की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद निदेशक महोदय ने प्रसन्नता के साथ चयनित स्टाफ सदस्यों को 'संस्थान प्रोत्साहन पुरस्कार' एवं सुरक्षाकर्मियों को 'सिक्योरिटी यूनिट अवार्ड' प्रदान किए।



### निदेशक महोदय का उद्‌बोधन (अनुदित संक्षिप्त सार)

निदेशक महोदय नें इस पावन अवसर पर सभी का स्वागत करते हुये संस्थान समुदाय को स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ की बधाई एवं शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि मैं यह देखकर अभिभूत हूँ कि इस अवसर पर स्कूल एवं संस्थान विद्यार्थी, स्टाफ व संकाय तथा उनके परिवारजन आज यहां एकत्र हुए हैं।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता पाने के लिये हमारी पिछली पीढ़ियों ने बलिदान दिया ताकि हम शांति व खुशहाली से अपना जीवन जी सकें। वास्तव में, हमें स्वतंत्रता का मतलब समझना होगा। हमें भुखमरी, गरीबी तथा आर्थिक रूप से स्वतंत्रता प्राप्त करनी होगी।

हमें एक ऐसे देश के रूप में स्वतंत्र होना होगा जहां हम बहारी ताकतों से स्वतंत्र हों अर्थात् एक सुरक्षित देश, जहां हमारे पास सशस्त्र बलों की सेवाएं हों जो किसी भी खतरों का सामना कर सकें। इसका एक अर्थ आर्थिक स्वतंत्रता भी है जहां हम अपनी जरूरत की चीजें बना सकें ताकि हम रणनीतिक रूप से अपने फैसले खुद ले सकें साथ ही, सबसे महत्वपूर्ण बात है 'विचारों की स्वतंत्रता, हमारी सोच में आजादी होनी चाहिए।

इन सभी के लिये आई.आई.टी. दिल्ली पर एक बड़ी जिम्मेदारी है। हमें ऐसी भावी पीढ़ी तैयार करनी है जो हमारी स्वतंत्रता की रक्षा कर सके तथा नई सोच, नए विचारों के साथ देश को और ऊंचे स्तर पर ले जाए तथा आधुनिक विकास में आगे आए। यह हमारे संस्थान समुदाय की राष्ट्र के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसे हम सभी को निभाना है। हमें अपने देश को ऐसे भविष्य की ओर ले जाना है जिसमें सभी शामिल हों, स्वतंत्र हों तथा समृद्ध हों।

यह समय है कि हम 78वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के प्रति पुनः समर्पित हों। मैं उन सभी को बधाई देना चाहता हूं जो स्वतंत्र भारत का हिस्सा हैं। हमें स्वतंत्रता को हल्के में नहीं लेना चाहिए। हमें अपने सभी कार्यों में कड़ी मेहनत करनी चाहिए ताकि हम संस्थान और राष्ट्र को आगे ले जा सकें।

आप सभी को मैं पुनः स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देता हूँ।

जय हिन्द !

– डॉ. नीरज चौरसिया
एवं श्रीमती इन्द्रमणि

## स्वागत

- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2024/ 305993 दिनांक 08.08.2024 के अनुसार **प्रो. सुमित अग्रवाल** ने 01.08.2024 से संस्थान के यार्डी कृत्रिम बौद्धिकता स्कूल में सातवें वेतन आयोग के लेवल-13A2 में सह प्रोफेसर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2024/302462 दिनांक 30.07.2024 के अनुसार **डॉ. (सुश्री) रेनू मसिवाल** ने 19.07.2024 से संस्थान के वायुमण्डलीय विज्ञान केन्द्र में पोस्ट–डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2024/306974 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार **डॉ. केदार साहू** ने 08.08.2024 से संस्थान के रासायनिक इंजीनियरी विभाग में पोस्ट–डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2024/ 308361 दिनांक 14.08.2024 के अनुसार **डॉ. अंकिता सिंह** ने 09.08.2024 से संस्थान के रासायनिक इंजीनियरी विभाग में पोस्ट–डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त कार्यालय आदेश सं. IITD/E-2/2024/306363 दिनांक 08.08.2024 के अनुसार **श्री कपिल कुमार** ने 01.08.2024 से संस्थान के सुरक्षा कार्यालय में सातवें वेतन आयोग के लेवल-10 में सुरक्षा अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त कार्यालय आदेश सं. IITD/E-2/2024/306423 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार **श्री अशोक कुमार लूनिया** ने 01.08.2024 से संस्थान में सातवें वेतन आयोग के लेवल-10 में तकनीकी अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त कार्यालय आदेश सं. IITD/E-2/2024/306424 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार **श्री अमित बुंदेला** ने 01.08.2024 से संस्थान में सातवें वेतन आयोग के लेवल-10 में तकनीकी अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त कार्यालय आदेश सं. IITD/E-2/2024/306426 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार **श्री लोकेन्द्र सिंह डांगी** ने 01.08.2024 से संस्थान में सातवें वेतन आयोग के लेवल-10 में तकनीकी अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त कार्यालय आदेश सं. IITD/E-2/2024/306428 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार **श्री बोरला सागर कुमार** ने 01.08.2024 से संस्थान में सातवें वेतन आयोग के लेवल-10 में तकनीकी अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त कार्यालय आदेश सं. IITD/E-2/2024/303415 दिनांक 01.08.2024 के अनुसार **श्री योगेश राठी** ने 29.07.2024 से संस्थान के समन्वय अनुभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल-6 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

## पुनर्नियुक्ति

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2024/304105 दिनांक 02.08.2024 के अनुसार **प्रो. जय देव सिंह** (रसायन विज्ञान विभाग) को संस्थान संविधि के पैरा 13(2) के अनुसार वर्तमान शैक्षिक सत्र के अंत तक अर्थात 30.06.2025 तक के लिए रसायन विज्ञान विभाग में प्रोफेसर के रूप में पुनर्नियुक्त किया गया है।

## त्यागपत्र स्वीकृत

- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2024/301516 दिनांक 29.07.2024 के अनुसार **डॉ. सौजन्या धूलिपाला**, पोस्ट-डॉक्टरल फेलो, (परिवहन अनुसंधान एवं चोट रोकथाम केन्द्र (TRIP-C)) ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था, जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 04.07.2024 से स्वीकार कर लिया है। अतः डॉ. सौजन्या धूलिपाला को 04.07.2024 से संस्थान कार्य से मुक्त कर दिया गया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त कार्यालय आदेश सं. IITD/E-2/2024/303694 दिनांक 01.08.2024 के अनुसार **श्री मुकेश बेहेरा,** पुस्तकालय सूचना सहायक ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था, जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 12.08.2024 से स्वीकार कर लिया है। अतः श्री मुकेश बेहेरा को 12.08.2024 से संस्थान कार्य से मुक्त कर दिया गया है।

## कविता (वीर सपूत)

देश के लिए मर मिटें हैं जो
बड़ा सम्मान वो पा गये,
आबाद करके वतन को अपने
अमर शहीद जो हो गये।

छोड़ी है दहलीज जिन्होंने
वीर सपूत कहला गये,
छोड़ के आंचल ममता का
धरती को समर्पित जो हो गये।

लाठी गोली खाकर जो
प्राण न्योछावर कर गये,
नमन करूं शत-शत मैं उनको
कफन सिराने जो धर गये।

इंकलाब का नारा देकर
पाश पर जो चढ़ गये,
कतरा कतरा खून बहा कर
मरते दम तक जो लड़ गये।

याद रहेगा बलिदान उनका
सरहद पर सीना जो तान गये,
जीना है अपने वतन के लिए
मन में जो ऐसा ठान गये।

देश के लिए मर मिटे हैं जो
बड़ा सम्मान वो पा गये,
आबाद करके वतन को अपने
अमर शहीद जो हो गये।

–जयप्रकाश बंगरवाल

# बधाई (पुरस्कार)

सहायक कुलसचिव (स्थापना अनुभाग–II) से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/300819 दिनांक 25.07.2024 के अनुसार चयन समिति की सिफारिशों पर निदेशक महोदय द्वारा वर्ष, 2023 के लिए निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके नाम के ऊपर दिए गए पुरस्कार के लिए चयनित किया गया हैः–

| क्र. सं. | अवार्ड का नाम | अवार्डों की संख्या | प्रति पुरस्कार राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | **लाइफटाइम अवार्ड** | 01 | 50,000/- |
| 2 | **उत्कृष्ट कर्मचारी पुरस्कार** | 01 | 40,000/- |
| 3 | **संस्थान पुरस्कार** | समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार | 20,000/- |
| 4 | **श्री राम ऋषि सिंह एवं श्रीमती मालती सिंह स्टाफ नगद पुरस्कार** | 02 | 36,000/- |
| 5 | **जुबली स्टाफ नगद पुरस्कार** | 02 | 36,000/- |

## लाइफटाइम अवार्ड

| क्र. सं. | कर्मचारी का नाम/पदनाम | कर्मचारी कोड संख्या | विभाग/केन्द्र/अनुभाग/एकक |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. लिली खोसा<br>मुख्य चिकित्सा अधिकारी | 26249 | अस्पताल |

## उत्कृष्ट कर्मचारी पुरस्कार

| क्र. सं. | कर्मचारी का नाम/पदनाम | कर्मचारी कोड संख्या | विभाग/केन्द्र/अनुभाग/एकक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री राज कुमार तेजानिया<br>तकनीकी अधिकारी | 26278 | वस्त्र एवं रेशा इंजीनियरी |

## संस्थान पुरस्कार

| क्र. सं. | कर्मचारी का नाम/पदनाम | कर्मचारी कोड संख्या | विभाग/केन्द्र/अनुभाग/एकक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री राजेन्द्र खट्टर<br>उप तकनीकी अधिकारी | 26193 | वस्त्र एवं रेशा इंजीनियरी |
| 2. | श्री रोशन लाल<br>कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी | 26344 | केन्द्रीय कार्यशाला |
| 3. | श्री विशेष कुमार<br>उप तकनीकी अधिकारी | 26633 | रासायनिक इंजीनियरी |
| 4. | श्री सुमित कपूर<br>उप तकनीकी अधिकारी | 26813 | जैव रसायनिक इंजीनियरी एवं जैव प्रौद्योगिकी |
| 5. | श्री विनय शर्मा<br>उप तकनीकी अधिकारी | 26901 | भौतिकी |
| 6. | श्री जितेन्द्र प्रसाद<br>उप तकनीकी अधिकारी | 27043 | यांत्रिक इंजीनियरी |
| 7. | सुश्री प्रियंका कुमारी<br>लेखा एवं लेखा परीक्षा सहायक | 27048 | लेखा अनुभाग |
| 8. | श्री गजराज सिंह<br>कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी | 27065 | पदार्थ विज्ञान एवं इंजीनियरी |
| 9. | सुश्री कृति कोहली<br>प्रशासनिक सहायक | 27399 | स्थापना अनुभाग–I |
| 10. | श्री नितिन कूपर<br>प्रशासनिक सहायक | 27345 | भण्डार एवं क्रय |
| 11. | श्री देवेन्द्र अग्रवाल<br>सहायक (देखभाल) | 27404 | छात्रावास संगठन |
| 12. | श्री नितेश कौशल<br>प्रशासनिक सहायक | 27426 | शैक्षिक अनुभाग |
| 13. | श्री अमन सिंह सूर्यवंशी<br>प्रशासनिक सहायक | 27432 | कुलसचिव कार्यालय |
| 14. | श्री शशांक यादव<br>लेखा एवं लेखा परीक्षा सहायक | 27454 | लेखा अनुभाग |
| 15. | श्री पंकज सनसनवाल<br>तकनीकी सहायक | 27466 | यांत्रिक इंजीनियरी |
| 16. | श्री दुर्वेश यादव<br>प्रशासनिक सहायक | 27619 | कुलसचिव कार्यालय |
| 17. | श्री सुमित दयाल<br>प्रशासनिक सहायक | 27624 | छात्र कार्य अनुभाग |

## श्री राम ऋषि सिंह एवं श्रीमती मालती सिंह स्टाफ नगद पुरस्कार

| क्र. सं. | कर्मचारी का नाम/पदनाम | कर्मचारी कोड संख्या | विभाग/केन्द्र/अनुभाग/एकक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री विवेक बिकास सतपथी<br>कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी | 26821 | यांत्रिक इंजीनियरी |
| 2. | श्री दीपक वर्मा<br>तकनीकी सहायक | 27528 | संवेदक उपकरणीकरण और साइबर भौतिक तंत्र इंजीनियरी केन्द्र (SeNSE) |

## जुबली स्टाफ नगद पुरस्कार

| क्र. सं. | कर्मचारी का नाम/पदनाम | कर्मचारी कोड संख्या | विभाग/केन्द्र/अनुभाग/एकक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री गोपाल प्रसाद गुप्ता<br>कनिष्ठ लेखा एवं लेखा परीक्षा अधिकारी | 27321 | लेखा अनुभाग |
| 2. | श्री अभिलाष<br>प्रशासनिक सहायक | 27418 | स्थापना अनुभाग–II |

15 अगस्त, 2024 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी पुरस्कार विजेताओं को ये पुरस्कार दिये गये। संस्थान समुदाय एवं हिन्दी कक्ष की ओर से उपरोक्त सभी कर्मचारियों को पुरस्कार मिलने पर बहुत-बहुत बधाई।

# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली
## INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY DELHI

प्रशासनिक अधिकारियों के दैनिक सरकारी कामकाज में सामान्य व्यवहार में प्रयुक्त होने वाली संक्षिप्त आदेशात्मक टिप्पणियाँ
(Brief important notings being used by Administrative Officers in their daily routine official work)

| अंग्रेजी | हिन्दी |
|---|---|
| Action may be taken as proposed. | यथाप्रस्तावित कार्रवाई की जाए |
| All concerned should note carefully. | सभी संबंधित व्यक्ति इसे ध्यान से नोट कर लें। |
| Application is rejected. | प्रार्थना–पत्र अस्वीकृत किया जाता है। |
| Approved. | अनुमोदित। |
| Approved as a very special case. This should not, however be Quoted as a precedent. | एक विशेष मामला मानते हुए अनुमोदित किया जाता है, किन्तु आगे उदाहरण के रूप में इसका उल्लेख न किया जाए। |
| Wait further report. | आगे और विवरण की प्रतीक्षा कीजिए। |
| Await reply. | उत्तर की प्रतीक्षा करें। |
| Do the needful. | आवश्यक कार्रवाई करें। |
| Draft is concurred in. | प्रारूप पर सहमति दी जा रही है। |
| Draft may not be issued. | अब प्रारूप जारी करने की आवश्यकता नहीं है। |
| Draft reply on the lines suggested above may be Put up. | उपरोक्त सुझावों के आधार पर उत्तर का मसौदा तैयार कीजिए। |
| Enquire into the case and report early | मामले की जांच करें और शीघ्र रिपोर्ट दें। |
| Enquiry be completed and its report submitted at an Early date | जांच पूरी की जाए और रिपोर्ट जल्दी प्रस्तुत की जाए। |
| Explanation may be called for. | स्पष्टीकरण मांगा जाए। |
| Fix a date for meeting. | बैठक के लिए तारीख नियत करें। |
| Give top priority to this work. | इस कार्य को परम अग्रता दें। |
| I agree. | मैं सहमत हूं। |

| अंग्रेजी | हिन्दी |
|---|---|
| I agree with 'A' above. | मैं उपर्युक्त 'क' से सहमत हूं। |
| I disagree. | मैं सहमत नहीं हूं। |
| I fully agree with office note | मैं कार्यालय की टिप्पणी से पूर्णतया सहमत हूं। |
| Inform accordingly. | तदनुसार सूचित किया जाए। |
| Issue as amended. | यथासंशोधित जारी किया जाए। |
| Issue reminder urgently. | तुरन्त अनुस्मारक भेजिए। |
| Issue today. | आज ही भेज दिया जाए। |
| Issue warning. | चेतावनी दी जाए। |
| Kindly see it for approval. | कृपया इसे अनुमोदन के लिए देखें। |
| May file. | फाईल कर दिया जाए। |
| No assurance in the matter can be given at this stage. | इस मामले में इस समय कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता है। |
| Order may be issued. | आदेश जारी कर दिया जाए। |
| Office may note it carefully. | कार्यालय इसे सावधानी से नोट कर लें। |
| Permitted. | अनुमति दी जाती है। |
| Please circulate and file. | कृपया सभी को दिखाकर फाइल कर दें। |
| Please discuss. | आकर चर्चा कर लें। |
| Please fleg the relevent papers. | कृपया संगत कागजातों पर पर्चियाँ लगा दें। |
| Please issue necessary notification. | कृपया आवश्यक अधिसूचना जारी करें। |
| Please make a special note of this Decision. | कृपया इस निर्णय को विशेष रूप से नोट करे। |
| Please prepare a precis of the case. | कृपया मामले की संक्षेपिका तैयार करें। |

हिन्दी कक्ष द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित दूरभाषः EPABX 7144

*मुद्रकः* सागर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, नई दिल्ली। ई–मेलः sagarprinters@gmail.com